उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,
संख्या-132/2018/2593/92-2-2018-07जॉच/2012
लखनऊ :: दिनांक:: 09 अक्टूबर 2018

कार्यालय-ज्ञाप

जनपद- कानपुर नगर में डॉ0 अम्बेडकर ग्राम धरमंगतपुर की 44 गलियों में सी0सी0 रोड एवं के0सी0 ड्रेन के निर्माण कार्यो की जांच में बेस कंक्रीट/सतह पर ब्रूंमिग व कान्सट्रक्शन ज्वाइंट की गुणवत्ता खराब पाये जाने के फलस्वरूप परिलक्षित कुल शासकीय क्षति रू0 24.13 लाख में से मु0 रू0 6,03,250.00 के लिये प्रथम द्रष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर श्री अनिल कुमार बाजपेई, तत्का0 अवर अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-कानपुर नगर सम्प्रति सहायक अभियंता, प्रखण्ड-उन्नाव (सम्बद्व कानपुर नगर) के विरूद्व उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली,1999 के नियम-7 के अंतर्गत आरोप पत्र देकर अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये प्रकरण की जॉच हेतु अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-फैजाबाद को पदेन जॉच अधिकारी नामित किये जाने तथा सम्पूर्ण कार्यवाही में विभागीय साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-कानपुर नगर को पदेन प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नामित किये जाने की श्री राज्यपाल संहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- जांच अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि विधिवत जांच कार्यवाही पूर्ण कर जांच आख्या (दो प्रतियों में) ससमय शासन को उपलब्ध करायें।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

मो0 इफ्तेखारूददीन
अपर मुख्य सचिव।

संख्या-132/2018/2593(1)/92-2-2018 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 ।
2- जॉच अधिकारी/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-फैजाबाद।
3- श्री अनिल कुमार बाजपेई, तत्का0 अवर अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-कानपुर नगर सम्प्रति सहायक अभियंता, प्रखण्ड-उन्नाव (सम्बद्व कानपुर नगर) द्वारा-निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
4- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(वी0के0 सिंह)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in